| Name of the activity | Organizing unit/ agency/ collaborating agency | Name of the scheme | Year of the activity | Media document |
|---|---|---|---|---|
| CLEANLINESS DRIVE<br>The NSS cadets gave the message of cleanliness to the general public, by cleaning the roadways, bus stands, college premises, etc. | NSS UNIT, S.C.R.S GOVT. COLLEGE SWM | | 2018-19 | <br>कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना<br>सवाईमाधोपुर. कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में रोडवेज डिपो, बस-स्टैण्ड एवं महाविद्यालय परिसर में साफ-सफाई कर आम-जन को स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हरिचरण मीना एवं प्रोफेसर मीठालाल मीना, |
| PLANTATION DRIVE<br>The plantation drive was conducted in the college to encourage students to take climate change and issues related to it seriously. And one thing that can be done on our part to reduce its impact is to plant more and more trees. | NSS UNIT, S.C.R.S GOVT. COLLEGE SWM | | 2018-19 |  |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| TEACHER'S DAY CELEBRATIONS<br>Teacher's day was celebrated**to mark the birth anniversary of Dr.SarvepalliRadhakrishnan**. On this occasion,various lectures were organized to celebrate our beloved teachers and their hard work and sacrifices. | NSS UNIT, S.C.R.S GOVT. COLLEGE SWM | | 2018-19 | शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सवाई माधोपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को शिक्षक दिवस के रूप में समारोह पूर्वक मनाया गया। इसमें कार्यवाहक प्राचार्य मुख्य अतिथि डॉ. सुल्तान सिंह ने स्वयं सेवकों को कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता होता है। ऐसे में हमें शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य वक्ता डॉ. ओ.पी. शर्मा ने कहा कि विश्व के प्रत्येक देश में शिक्षको को यथोचित सम्मान दिया जाता है। डॉ. हरिचरण मीना ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के आदर्शों से परिचित कराया। कार्यक्रम अधिकारी प्रेम सोनवाल, विजय कुमार वंशीवाल एवं मीठालाल मीना ने भी संबोधित किया। इस दौरान कई छात्र मौजूद थे।<br><br>शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय महाविद्यालय में कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. सुल्तान सिंह ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता होता है। विशिष्ट अतिथि डॉ.ओपी शर्मा, डॉ. हरिचरण मीना आदि ने विचार व्यक्त किए। राजकीय कन्या |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| INTERNATIONAL LITERACY DAY CELEBRATIONS<br>The volunteers took the oath to make every person literate. Quiz competition was also organized on the occasion. The students enthusiastically participated in it. The winners were also awarded at the end of the programme. During this, Vijay Kumar Vanshiwal, PremSonwal and MithalalMeena told the importance of literacy. | NSS UNIT, S.C.R.S GOVT. COLLEGE SWM | | 2018-19 | <br>प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा<br>सवाईमाधोपुर पीजी कॉलेज में हुए कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी।<br>**सवाईमाधोपुर.** शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में शनिवार को अन्तरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया गया।<br>कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनएसएस के जिला समन्वयक डॉ. हनुमान प्रसाद मीना ने स्वयंसेवकों को साक्षरता का महत्व बताया तथा स्वयं सेवकों को एक एक व्यक्ति को साक्षर करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान विजय कुमार बंशीवाल, प्रेम सोनवाल एवं मीठालाल मीना आदि मौजूद थे। |
| QUIZ COMPETITION | NSS UNIT, S.C.R.S GOVT. COLLEGE SWM | | 2018-19 | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| N.S.S. DAY<br>NSS Day was celebrated in the college.On this occasion, a seminar was also organized on the topic of cleanliness.The volunteers did cleanliness in the college premises by doing shramdaan. Similarly, a special camp was also organized on the occasion of NSS Day. Swayamsevaks conducted a cleanliness program in the college and took oath to protect the plants planted in the college premises. During this, the speakers highlighted the working of NSS in detail and gave information about the 'Swachhata Hi Seva'. | NSS UNIT, S.C.R.S GOVT. COLLEGE SWM | | 2018-19 |  |

जिले के विद्यालयों व महाविद्यालयों में मनाया एनएसएस का स्थापना दिवस

स्वच्छता ही सेवा संगोष्ठी में वक्ताओं ने दी जानकारी, श्रमदान कर की सफाई

नगर संवाददाता|सवाई माधोपुर

जिलेभर के विद्यालयों तथा महाविद्यालयों में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने भाग लिया। शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सवाई माधोपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में एनएसएस दिवस मनाया गया। इसमें मुख्य अतिथि डॉ. सुल्तान सिंह, विशिष्ट अतिथि डॉ. ओ.पी. शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हरिचरण मीना, कार्यक्रम अधिकारी प्रेम सोनवाल, कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार बंशीवाल सहित अन्य वक्ताओं ने एनएसएस दिवस को लेकर संबोधित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं। इसी प्रकार राजकीय कन्या महाविद्यालय सवाई माधोपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम व द्वितीय के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्वच्छता ही सेवा विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम अधिकारी इकाई द्वितीय डॉ. विजय सिंह मावई, डॉ. राजेश शर्मा, अलका पारीक सहित अन्य वक्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इससे पूर्व स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर में श्रमदान करते हुए साफ-सफाई की। इसी प्रकार रणथंभौर पीजी कॉलेज में भी एनएसएस की प्रथम एवं द्वितीय इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में एनएसएस दिवस के अवसर पर विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इसमें स्वच्छता ही सेवा विषय पर विचार गोष्ठी हुई। स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय में स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया तथा कॉलेज परिसर में लगे पौधों की सुरक्षा की शपथ दिलवाई गई। प्राचार्य डॉ. पी.एम. जैन, उपप्राचार्य महेंद्र यादव, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. लोकेश नरवाल, इंद्र सिंह मीणा सहित अन्य वक्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर कई स्वयंसेवक मौजूद थे। इसी तरह राबाउमावि शहर में भी राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया गया। इस दौरान वक्ताओं ने एनएसएस की कार्यप्रणाली पर विस्तार से प्रकाश डाला।

सवाई माधोपुर। राजकीय कन्या महाविद्यालय में एनएसएस दिवस के अवसर पर उपस्थित स्वयंसेविकाएं।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| SURGICAL STRIKE DAY<br>Surgical strike day was celebrated at the college. Tributes were paid to all the martyrs. And the NCC cadets presented patriotic songs and poems in their honour. The Surgical Strike Day was celebrated as ParakramParv. | NSS UNIT, S.C.R.S GOVT. COLLEGE SWM | | | 2018-19 |  श्रद्धांजलि • शहीदों को पुष्पचक्र अर्पित, एनसीसी कैडेट्स ने देशभक्ति गीत और कविताएं प्रस्तुत किए<br>**पराक्रम पर्व के रूप में मनाया सर्जिकल स्ट्राइक डे**<br>सवाई माधोपुर \| सर्जिकल स्ट्राइक दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में मौजूद एनसीसी कैडेट्स। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| SWACHHTA HI SEVA ABHIYAN<br>The fortnight of "Swachhata Hi SevaAbhiyan 2018" was started and a seminar was also organized. The Principal informed that the Swachhta Hi Seva campaign will be run in entire India from 15th September 2018 to 2nd October 2018. All the people were made aware about cleanliness. The Principal administered the oath to all the volunteers to implement the "Swachhta Hi SevaAbhiyan". After this, intensive cleanliness drive was conducted in the college. | NSS UNIT, S.C.R.S GOVT. COLLEGE SWM | | 2018-19 | <br>10 \| जयपुर \| रविवार 16 सितंबर 2018<br>सार-समाचार<br>स्वच्छता पखवाड़ा शुरू<br>न्यूज सर्विस/नवज्योति, सवाईमाधोपुर<br>स्वच्छता पखवाड़े की शुरुआत 15 सितम्बर से विभिन्न कार्यक्रमों के साथ हुई। सामान्य चिकित्सालय स.मा. में इसके तहत सभी चिकित्सकों एवं कर्मचारियों ने डॉ. रंगलाल मीना प्रमुख चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में चिकित्सालय परिसर को स्वच्छ रखने की शपथ ली। इसी प्रकार शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में ''स्वच्छता ही सेवा अभियान 2018'' पखवाड़ा की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ हरलाल सिंह मीना के नेतृत्व में की गई। इसके तहत सर्वप्रथम प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में स्वच्छता ही सेवा विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय में सघन सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम अधिकारी प्रेम सोनवाल ने स्वयंसेवकों को बताया की स्वच्छ रहकर की हम स्वस्थ रह सकते है। और स्वस्थ व्यक्ति ही समाज के विकास में भागीदार हो सकता है। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| CLEANLINESS DRIVE<br>Under this drive, the Principal told the volunteers that the NSS is a means of building the personality and character of the students. By joining this, the volunteer can see and understand the needs and difficulties of the society closely. The volunteers also donated blood in the blood donation camp organized in the college on October 2, 2018, to commemorate the 150th birth anniversary of the Father of the Nation-Mahatma Gandhi and about 120 resolution letters were filled. Program Officer MithalalMeena said that it is the moral duty of all healthy people to donate blood to save human life and help in time. After this, the volunteers went to their adopted settlements and motivated people to donate blood. And under the Swachhta Hi SevaPakhwada, students motivated people to stay clean. | NSS UNIT, S.C.R.S GOVT. COLLEGE SWM | | 2018-19 | राष्ट्रीय सेवा योजना का द्वितीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया जिसमें स्वच्छता अभियान चलाया गया<br>**कॉलेज में शिविर के तहत किया श्रमदान**<br>नसं. \| सवाई माधोपुर<br>शहीद कैप्टन रिपुदमन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सवाई माधोपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों के तत्वावधान में एक दिवसीय कैम्प का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हरिचरण मीना ने बताया कि सर्वप्रथम स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय के दक्षिण परिसर के खेल मैदान में श्रमदान कर सफाई की। इसके बाद स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरलाल सिंह मीना की सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह मनाया गया।<br>कार्यक्रम अधिकारी प्रेम सोनवाल, मीठालाल मीना तथा कार्यक्रम अधिकारी विजयकुमार बंशीवाल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में 2 अक्टूबर को महाविद्यालय में आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर में रक्तदान करने के लिए स्वयंसेवकों को प्रेरित किया एवं लगभग 120 संकल्प पत्र भरवाए। इसके बाद स्वयंसेवकों ने गोद ली गई बस्तियों में जाकर लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। साथ ही वर्तमान में चल रहे स्वच्छ ही सेवा पखवाड़े के अन्तर्गत साफ-सफाई कर लोगों को स्वच्छ रहने की जागरूकता फैलाई।<br><br>सवाई माधोपुर \| एनएसएस के एक दिवसीय शिविर में सफाई करते स्वयंसेवक। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| NUKKAD NATAK ORGANISED TO PROMOTE BLOOD DONATION<br>Street plays and rallies were organized to encourage people to donate blood. A voluntary blood donation camp was organized in the college on 2nd October to commemorate the 150th birth anniversary year of the Father of the Nation Mahatma Gandhi at Shaheed Captain Ripudaman Singh Government Post Graduate College, SawaiMadhopur. The play explained the importance of blood donation and inspired them to do so. 501 resolution letters were also filled on this occasion. Dr. Sharma informed that certificates will also be distributed to the blood donors in the camp. | NSS UNIT, S.C.R.S GOVT. COLLEGE SWM | | 2018-19 | **नुक्कड़ नाटक और रैली निकालकर रक्तदान के लिए किया जागरूक**<br>नसं. \| सवाई माधोपुर<br>शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सवाई माधोपुर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में 2 अक्टूबर को महाविद्यालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।<br>शिविर प्रभारी डॉ. ओ.पी. शर्मा ने बताया की प्रातः 9 बजे से महाविद्यालय के उत्तरी परिसर के कृषि प्रयोगशाला में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें महाविद्यालय के एनसीसी इकाई कैडेट्स, एनएसएस के स्वयंसेवक, स्काउट/गाइड महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य एवं गांव/शहर के सभी इच्छुक नागरिक रक्तदान कर सकते हैं।<br>सोमवार को रक्तदान शिविर की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। रक्तदान जाग्रति के रत्नाकर गोयल, पंकज जोशी, महेश गुप्ता, राजकुमार नामा, विष्णु आदि ने राजकीय कन्या महाविद्यालय एवं राधाकृष्णन महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं से संपर्क कर उन्हें रक्तदान का महत्व बताया तथा इसके लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर 501 संकल्प पत्र भी भरवाए गए। डॉ. शर्मा ने बताया कि शिविर में रक्तदाताओं को रक्तदान प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे।<br>वहीं दूसरी ओर महाविद्यालय के छात्रों ने रोडवेज डिपो तिराहे पर एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर रक्तदान का महत्व बताया गया। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हरिचरण मीना, प्रेम सोनवाल ने बताया कि इस नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को रक्तदान के संबंध में जागरूक किया गया। इस संबंध में रैली का भी आयोजन किया गया तथा रक्तदान करने की शपथ ली। कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार बंशीवाल व मीठालाल मीना ने बताया कि इस अवसर पर कई लोग व विद्यार्थी मौजूद थे।<br><br>सवाई माधोपुर \| स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के लिए रैली निकालते विद्यार्थी। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| BLOOD DONATION CAMP<br>A blood donation camp was organized in the college. This was an attempt to save lives by giving blood to the ones in desperate need. | NSS UNIT, S.C.R.S GOVT. COLLEGE SWM | | 2018-19 |  |
| WORLD HEALTH WEEK<br>World Mental Health Week was celebrated in the college. A seminar on mental health was held on Monday. Program officers Dr.HaricharanMeena and PremSonwal informed the youth on the subject of mental health in the changing world. GauravChandravanshi and Celestin gave tips to the volunteers on how to reduce mental stress. Psychiatrists told the volunteers to reduce the excessive use of mobile phones and dedicate more time to sports and stay away from drugs etc. | NSS UNIT, S.C.R.S GOVT. COLLEGE SWM | | 2018-19 |  |



दैनिक भास्कर

09-Oct-2018
सवाई माधोपुर Page 4

आयोजन • कैप्टन रिपुदमन सिंह पीजी कॉलेज में विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह मनाया

## मनोचिकित्सकों ने बताए मानसिक तनाव कम करने के उपाय

भास्कर संवाददाता | सवाई माधोपुर

शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सवाई माधोपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों एवं मनोचिकित्सा विभाग सवाई माधोपुर के संयुक्त तत्वावधान में मानसिक स्वास्थ्य पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हरिचरण मीना एवं प्रेम सोनवाल ने बताया कि 4 से 10 अक्टूबर तक चल रहे विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के अन्तर्गत 'युवा वर्ग का एक बदलती दुनिया में मानसिक स्वास्थ्य' विषय पर मनोचिकित्सक डॉ. गौरव चन्द्रवंशी एवं डॉ. सेलेस्टिन ने स्वयंसेवकों को मानसिक तनाव कम करने के उपाय बताए। मनोचिकित्सकों ने बताया कि छात्रों को मोबाइल फोन का कम से कम उपयोग करना चाहिए एवं खेलकूद को भी समय देना चाहिए।

इन्होंने बताया कि छात्रों को किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहना चाहिए। इस अवसर पर छात्रों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को मनोचिकित्सकों के साथ साझा किया। मनोचिकित्सकों ने छात्रों को मानसिक रोगों से बचने के उपाय बताए। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार बंशीवाल, मीठालाल मीना, संकाय सदस्य रामलाल बैरवा, डॉ. समीर शर्मा आदि मौजूद रहे।

सवाई माधोपुर। पीजी कॉलेज में विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के तहत छात्रों को मानसिक तनाव कम करने के उपाय बताते मनोचिकित्सक, मौजूद व्याख्याता।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| NATIONAL UNITY RUN WAS ORGANISED ON NATIONAL UNITY DAY<br>Sardar Patel's birth anniversary was celebrated in the College. Iron Man SardarVallabhbhai Patel Jayanti was celebrated as National Unity Day by volunteers of all the four units of NSS. | NSS UNIT, S.C.R.S GOVT. COLLEGE SWM | | 2018-19 | <br> |
| SEMINAR & QUIZ PROGRAMME WAS ORGANIZED ON BIRTHDAY OF EDUCATIONIST MAULANA ABUL KALAM AZAD | NSS UNIT, S.C.R.S GOVT. COLLEGE SWM | | 2018-19 | <br>कार्यालय प्राचार्य, शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह,राजकीय महाविद्यालय सवाई माधोपुर<br>दिनांक:– 12.11.2018<br>**प्रेस नोट**<br>आज दिनांक 12.11.2018 को शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय पी जी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों के स्वयंसेवकों के द्वारा महान स्वतंत्र सेनानी एवं विख्यात शिक्षाविद मौलाना अबुल कलाम आजाद के जन्मदिवस के अवसर पर राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाया गया । कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 हरिचरण मीना एवं प्रेम सोनवाल ने बताया कि इस अवसर पर महाविद्यालय में मौलाना अबुल कलाम आजाद के जीवन पर आधारित एक संगोष्ठी एवं प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ0 गोपाल सिंह एवं जिला संयोजक राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ0 हनुमान प्रसाद मीना ने बताया कि आजाद साहब ने भारत में शिक्षा के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है । डॉ0 हरिचरण मीना ने आजाद साहब के जीवन की महत्वपूर्ण घटनाओं एवं उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला । इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी मीठालाल मीना एवं विजय कुमार बंधीवाल ने भी अपने विचार प्रकट किए । स्वयंसेवक निधि शर्मा , कोमल गुप्ता , पूजा रेगर एवं दिलखुश सैनी ने इस कार्यक्रम में सक्रियता से भाग लिया । |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| A SEMINAR WAS ORGANISED ON THE TOPIC OF VOTER AWARENESS & THEIR RIGHTS | NSS UNIT, S.C.R.S GOVT. COLLEGE SWM | | 2018-19 | कार्यालय प्राचार्य, शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह,राजकीय महाविद्यालय सवाई माधोपुर<br>दिनांक– 18.11.2018<br>**प्रेस नोट**<br>आज दिनांक 18.11.2018 को शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय पी जी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों के स्वयंसेवकों का एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया । कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 हरिशरण मीना एवं प्रेम सोनवाल ने बताया कि इस शिविर में भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था विषय पर आधारित एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया । इस संगोष्ठी में स्वयंसेवकों को लोकतंत्र की विशेषता ,नागरिकों के अधिकार एवं कर्तव्य इत्यादि विषयों पर विस्तार से बताया गया । कार्यक्रम अधिकारी मीठालाल मीना एवं विजय कुमार बंधीवाल ने मतदान हमारा कर्तव्य विषय पर प्रकाश डालते हुए स्वयंसेवकों को बताया कि आगामी चुनाव में हमें वोट जरूर डालना है और सभी लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित करना है । सभी स्वयंसेवकों ने आगामी 7 दिसंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में मतदान करने की शपथ ली । इसके बाद स्वयंसेवकों ने गोद लिए गए गांव में जाकर लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया । |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| COMMUNAL UNITY WEEK CELEBRATIONS<br>QuamiEkta Week was celebrated from November 19 to 25 in which information about welfare programs related to all sections of society was given. Along with this, collective and positive efforts for the upliftment of weaker sections were discussed. The program was started under the chairmanship of the acting principal of the college, Dr. OP Sharma, the principal said that people of different castes, religion, and cultures live together in India and despite having much diversity, it is one family. The chief guest of the program, Dr HL Sharma ji, former associate professor of geography, gave the slogan of Hum Sab Ek and told that we have to live together without any discrimination. | NSS UNIT, S.C.R.S GOVT. COLLEGE SWM | | 2018-19 |  |
| MINORITY WELFARE DAY CELEBRATED UNDER THE COMMUNAL UNITY WEEK | NSS UNIT, S.C.R.S GOVT. COLLEGE SWM | | 2018-19 | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| CULTURAL UNITY DAY<br>& WOMEN EMPOWERMENT<br>DAY CELEBRATED UNDER<br>COMMUNAL UNITY WEEK | NSS UNIT,<br>S.C.R.S<br>GOVT.<br>COLLEGE<br>SWM | | 2018-19 | दैनिक भास्कर 25-Nov-2018 सवाई माधोपुर Page 4<br>**सांस्कृतिक एकता एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर**<br>पीजी कॉलेज में कौमी एकता सप्ताह<br><br>सवाई माधोपुर। पीजी कॉलेज में कौमी एकता सप्ताह के तहत कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि।<br>[illegible] |
| ENVIRONMENT<br>PROTECTION DAY &<br>INTERNATIONAL WOMEN<br>VIOLENCE ABOLITION DAY<br>WAS CELEBRATED ON THE<br>CLOSING OF COMMUNAL<br>UNITY WEEK | NSS UNIT,<br>S.C.R.S<br>GOVT.<br>COLLEGE<br>SWM | | 2018-19 | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| CONSTITUTION DAY CELEBRATIONS<br><br>Constitution Day was celebrated in the College. It highlighted the importance of the Constitution of India and what importance it holds. This day is the remembrance of all the battles and problems we have fought and the enormous time it has taken to form the beautiful constitution of India. And at last, the constitution came into force on 26 January 1950. | NSS UNIT, S.C.R.S GOVT. COLLEGE SWM | | 2018-19 |  दैनिक भास्कर 27-Nov-2018 सवाई माधोपुर Page 3<br>पीजी कॉलेज में मनाया संविधान दिवस<br>राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर |
| VOTER AWARENESS RALLY & WORLD AIDS DAY CELEBRATIONS<br>World AIDS Day was celebrated in the college. A seminar and poster competition was organized to remove the misconceptions spread in the country about AIDS and to create awareness about the measures to prevent it. It is caused by the use of infected needles. It is not caused by mosquito bites or hugs. This year the theme of World AIDS Day has been kept as Know Your Status. Its aim is to advise people to get | NSS UNIT, S.C.R.S GOVT. COLLEGE SWM | | 2018-19 |  |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| their HIV status checked so that on time and prevent their infection. Program Officer Vijay Kumar Deewal told that AIDS is the advanced stage of HIV. If HIV infection is not treated, the risk of body's immunity increases. | | | | |
| WORLD HUMAN RIGHTS DAY<br>World Human Rights Day was celebrated at the College. A seminar was held on this occasion. The keynote speaker Dr.Romila while addressing the students said that the main basis of the freedom and moral system of any country is a life of dignity, freedom, and equality with respect. On this occasion, Dr. Hanuman Prasad Meena said that the Constitution of India gives fundamental rights to the citizens to lead a life full of equality and freedom. | NSS UNIT, S.C.R.S GOVT. COLLEGE SWM | | 2018-19 | <br>दैनिक भास्कर<br>11-Dec-2018<br>सवाई माधोपुर Page 2<br>सवाई माधोपुर भास्कर<br>विश्व मानवाधिकार दिवस : विश्व शांति के लिए सुरक्षा करना जरूरी<br>सवाई माधोपुर। शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सवाई माधोपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों के तत्वावधान में सोमवार को विश्व मानवाधिकार दिवस मनाया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हरिचरण मीना एवं प्रेम सोनवाल ने बताया कि इस अवसर पर महाविद्यालय में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में बताया कि विश्व की शांति व सुरक्षा के लिए मानव अधिकारों की सुरक्षा करना आवश्यक है। वैश्विक शांति, विकास एवं मानव अधिकार एक दूसरे के पूरक है। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता डॉ. रोमिला कर्णावट ने कहा कि किसी भी देश की स्वतंत्रता एवं उसकी नैतिक व्यवस्था के मुख्य आधार सम्मान सहित गरिमापूर्ण जीवन, आजादी एवं समानता होती है। इस अवसर पर जिला संयोजक राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. हनुमान प्रसाद मीना ने स्वयंसेवकों को बताया कि भारत का संविधान यहां के नागरिकों को समानता एवं स्वतंत्रता पूर्ण जीवन जीने का मौलिक अधिकार देता है। लेकिन फिर भी हमारे समाज में छुआछूत, भेदभाव, महिला उत्पीड़न, बालश्रम, अशिक्षा, गरीबी, अन्धविश्वास की घटनाएं सुबह उठते ही अखबारों में पढ़ने को मिल जाती है। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 7 DAYS NSS CAMP<br>National Consumer Day was celebrated under the 7 days NSS camp in the College. National Consumer Day was celebrated with the help of Promoter Inspector Atul Kumar, who came from the department. In this, Hariprasad Yogi, a member of the Consumer Protection Association, was the keynote speaker. Many volunteers expressed their views about consumer rights. A consumer-related seminar was also organized, Which emphasized on the fact that consumers should be aware of their rights. After this, a Quiz competition was organized for volunteers, prizes were given to the winners. | NSS UNIT, S.C.R.S GOVT. COLLEGE SWM | | 2018-19 |  |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| KARGIL VIJAY DIWAS<br>On Kargal Day, NCC cadets promised unity and integrity. On this occasion, NCC cadets were shown videos on the Kargil War and were given knowledge about the Indian Army's triumph in the great war. NCC cadets also planted saplings at ShaheedSmriti Van in honour of martyrs. | NCC UNIT, S.C.R.S GOVT. COLLEGE SWM | | 2018-19 | **एनसीसी कैडेट्स को करगिल दिवस पर एकता व अखंडता का दिलाया संकल्प**<br>सवाई माधोपुर \|शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सवाई माधोपुर में एनसीसी इकाई के तत्वावधान में गुरुवार को कारगिल विजय दिवस मनाया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. हरलाल सिंह मीना ने एनसीसी कार्यालय में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर दीपदान किया। एनसीसी अधिकारी कैप्टन (डॉ.) ओ.पी. शर्मा ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि शहीद हमारे राष्ट्र के गौरव हैं। युवा पीढ़ी को शहीदों के बलिदान से त्याग व देशभक्ति की भावना को सीखना चाहिए। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स को कारगिल वार पर आधारित डाक्यूमेंट्री भी दिखाई गई एवं भारतीय सेना के गौरवपूर्ण युद्धों में विजय की जानकारी दी गई। इस अवसर पर कैडेट्स को राष्ट्रीय, एकता व अखंडता का संकल्प दिलाया। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर एनसीसी कैडेट्स ने शहीद स्मृति वन में शहीदों की स्मृति में पौधरोपण भी किया। कार्यक्रम में डॉ. मधुमुकुल चतुर्वेदी सहित एनसीसी छात्र अंडर ऑफिसर राजकुमार मीना, अशोक बैरवा, देवहंस गुर्जर, शेरसिंह मीना आदि ने विचार व्यक्त किए। | |
| BLC (BASIC LEADERSHIP CAMP) IN KOTA FOR NCC CADETS | NCC UNIT, S.C.R.S GOVT. COLLEGE SWM | | 2018-19 | **एनसीसी कैडेट्स नेतृत्व क्षमता संवर्धन कैंप में भाग लेने जाएंगे कोटा**<br>सवाई माधोपुर \| शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सवाई माधोपुर में एनसीसी कैडेट्स के सैन्य प्रशिक्षण के लिए संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविरों का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। एनसीसी अधिकारी कैप्टन (डॉ.) ओ.पी. शर्मा ने बताया कि 28 जुलाई से 6 अगस्त तक बटालियन मुख्यालय, कोटा पर एनसीसी कैडेट्स के लिए बेसिक लीडर शीप कैम्प (बीएलसी) आयोजित किया जाएगा। 10 दिवसीय एनसीसी शिविर में कैडेट्स को सैन्य प्रशिक्षण ड्रिल, मार्च पास्ट, वेपन ट्रेनिंग व फील्ड क्राफ्ट के साथ नेतृत्व क्षमता संवर्धन, प्रबंधन एवं दक्षता कौशल का प्रशिक्षण दिया जाएगा। डॉ. शर्मा ने बताया कि कैंप में भाग लेने वाले कैडेट्स अपने रिस्क एवं मेडिकल प्रमाण पत्र एनसीसी कार्यालय में गुरुवार को जमा कराएं। | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 DAY TRAINING CAMP ORGANISED ON 2ND ANNIVERSARY OF SURGICAL STRIKE DAY | NCC UNIT, S.C.R.S GOVT. COLLEGE SWM | | 2018-19 |  सवाई माधोपुर भास्कर<br>आयोजन • एक दिवसीय सैन्य प्रशिक्षण शिविर आयोजित, कल सर्जिकल स्ट्राइक-डे की द्वितीय वर्षगांठ पर होंगे कई कार्यक्रम<br>एनसीसी सिखाती है राष्ट्रीय एकता-चरित्र निर्माण व अनुशासन |
| RUN FOR NATION<br>The Run for Nation race was arranged on behalf of the cadets. This race<br>was conducted at the PG College Parade Ground. Cadets were trained in marchpast, drill, and other skills at the camp. Shramdaan was also performed on a college campus. | NCC UNIT, S.C.R.S GOVT. COLLEGE SWM | | 2018-19 |  रन फॉर नेशन में दौड़े कैडेट्स<br>सवाईमाधोपुर के पीजी कॉलेज खेल मैदान में हुई दौड़ में मौजूद कैडेट्स।<br>सवाईमाधोपुर. शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय महाविद्यालय में गुरुवार को एनसीसी की ओर से कैडेट्स की रन फॉर नेशन दौड़ का आयोजन किया गया। पीजी कॉलेज के परेड ग्राउण्ड में हुई इस दौड़ में कैडेट्स ने उत्साह से भाग लिया। एनसीसी अधिकारी डॉ. ओपी शर्मा ने बताया कि इसके बाद सैन्य प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कैडेट्स को मार्चपास्ट, ड्रिल आदि का प्रशिक्षण दिया गया। इसके बाद कैडेट्स ने महाविद्यालय परिसर में श्रमदान भी किया। एनसीसी के वार्षिक कैलेण्डर का विमोचन किया गया। इस दौरान उपेन्द्र प्रजापत, दीनदयाल गुर्जर आदि मौजूद थे। |
| LEGAL AWARENESS CAMP ON “WORLD NO TOBACCO DAY” | NCC UNIT, S.C.R.S GOVT. COLLEGE SWM | | 2018-19 |  विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर कई गांवों में विधिक जागरूकता शिविर |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| CLEANLINESS RALLY<br>ORGANISED BY NCC CADETS<br>A cleanliness rally in Madhosinghpura by Upendra Singh Prajapat, ChaitanyaSinghal, Gaya, Kailash Kumar, and DeendayalGurjar was organised, along with the Medical Camp. | NCC UNIT, S.C.R.S GOVT. COLLEGE SWM | | 2018-19 | <br>रैली निकाल दिया स्वच्छता का संदेश<br>सवाईमाधोपुर के माधोसिंहपुरा में रैली निकालते एनसीसी कैडेटस।<br>सवाईमाधोपुर. स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप के तहत रविवार को पीजी कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स द्वारा माधोसिंहपुरा में स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की एनसीसी यूनिट के कैप्टन डॉ. ओपी शर्मा एवं शहरी स्वाथ्य केंद्र के हेल्थ मैनेजर विनोद शर्मा ने झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। ओपी शर्मा ने बताया कि रैली में कैडेट्स ने घर-घर जाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया। इस दौरान उपेंद्र सिंह प्रजापत, चेतन्य सिंहल, कैलाश कुमार, दीनदयाल गुर्जर व विवेक बेनीवाल आदि मौजूद थे।<br>**चिकित्सा शिविर आज :** इसी क्रम में माधोसिंहपुरा में सोमवार को सुबह नौ बजे से चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा। |
| SWACHH BHARAT<br>INTERNSHIP PROGRAMME | NCC UNIT, S.C.R.S GOVT. COLLEGE SWM | | 2018-19 | <br>कैडेट्स ने किया श्रमदान<br>माधोसिंहपुरा के बैरवा मोहल्ले में स्वच्छ भारत समर इन्टर्नशिप बैनर के साथ कैडेट्स व ग्रामीण।<br>**स्वच्छ भारत समर इन्टर्नशिप कार्यक्रम**<br>सवाईमाधोपुर. माधोसिंहपुरा के बैरवा मोहल्ले में रविवार को स्वच्छ भारत समर इन्टर्नशिप योजना का आगाज हुआ। इस दौरान शहीद कैप्टन रिपुदमनसिंह राजकीय महाविद्यालय की छात्र सैन्य वाहिनी के कैडेट्स व ग्रामीणों ने गांव में झाड़ू लगाकर श्रमदान किया। इस अवसर पर योजना के बैनर को लांच किया गया। कैडेट्स के दो दलों ने बैरवा मोहल्ले में नालियों की सफाई, पालीथिन एकत्रित करना, मुख्य मार्गों की सफाई की। वहीं लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। एनसीसी अधिकारी डॉ.ओपी शर्मा ने बताया कि एसबीएसआई ऑनलाइन पंजीयन से पीजी कॉलेज में 50 से अधिक कैडेट्स श्रमदान शिविर में भाग ले रहे हैं। इस मौके पर चैतन्य, सिंहल, कैलाश आदि थे। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| SWASTH BHARAT YATRA RALLY | NCC UNIT, S.C.R.S GOVT. COLLEGE SWM | | 2018-19 |  |
| MARATHON RALLY FOR VOTING AWARENESS | NCC UNIT, S.C.R.S GOVT. COLLEGE SWM | | 2018-19 |  |
| AWARENESS RALLY FOR VACCINATION | NCC UNIT, S.C.R.S GOVT. COLLEGE SWM | | 2018-19 |  |

आयोजन • 'ईट राइट इंडिया-ईट सेफ, हेल्दी एण्ड फोर्टिफाइड फूड' का संदेश बताया

## स्वस्थ भारत यात्रा रैली निकाली

सवाई माधोपुर। अर्बन पीएचसी से स्वास्थ्य रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते सीएमएचओ डॉ.तेजराम मीना।

### खाने में हो तेल- चीनी- नमक कम, सफाई का रखें ध्यान

### विभिन्न स्थानों पर किसान जागरूक

## मतदान जागरूकता के लिए एनसीसी कैडेट्स ने निकाली मैराथन रैली

सवाई माधोपुर। एनसीसी कैडेट्स की ओर से निकाली गई मतदान जागरूकता मैराथन दौड़ में भाग लेते कैडेट्स।

## एनसीसी कैडेट्स ने निकाली जागरूकता रैली

सवाई माधोपुर। बजरिया स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की ओर से मिशन इन्द्रधनुष कार्यक्रम के तहत शनि महाराज मन्दिर के पीछे कच्ची बस्ती में एनसीसी कैडेट्स द्वारा रैली निकाल कर टीकाकरण के लिए जागरूक किया गया। चिकित्सा विभाग के मिशन इन्द्रधनुष कार्यक्रम के अन्तर्गत टीकाकरण के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से एनसीसी कैडेट्स की चार टीमों ने जागरूकता रैली निकाली, जिसे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तेजराम मीना, पब्लिक हेल्थ मैनेजर विनोद शर्मा एवं एनसीसी के प्रभारी कैप्टन डॉ. ओ.पी. शर्मा ने टीमों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पब्लिक हेल्थ मैनेजर ने बताया कि राजस्थान के 10 जिलों में कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसमें शहरी क्षेत्र सवाई माधोपुर में 28 सत्र लगाकर 5 वर्ष तक के सभी छूटे हुए का टीकाकरण किया जाएगा।

सवाई माधोपुर। रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते सीएमएचओ एवं अन्य।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| WORLD WATER DAY CELEBRATIONS | NCC UNIT, S.C.R.S GOVT. COLLEGE SWM | | 2018-19 |  | |
| TRAINING CAMP ON MILITARY MANAGEMENT & PROFICIENCY SKILLS | NCC UNIT, S.C.R.S GOVT. COLLEGE SWM | | 2018-19 |  | |
| | | | | | |

## विश्व जल दिवस पर कैडेट्स ने जल संरक्षण का लिया संकल्प

एनसीसी कार्यालय में संगोष्ठी आयोजित, जल संरक्षण जल चेतना रैली निकाली

### लोगों को किया जागरूक

राजस्थान पत्रिका . गंगापुरसिटी, शुक्रवार, 08 फरवरी, 2019 . पेज 02 . patrika.com

## सैन्य प्रबंधन एवं दक्षता कौशल प्रशिक्षण शिविर संपन्न

सवाईमाधोपुर। शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय पीजी महाविद्यालय में गुरुवार को राष्ट्रीय कैडेट कोर के तत्वावधान में एक दिवसीय सैन्य प्रबंधन एवं दक्षता कौशल विषयक प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुआ।

एनसीसी अधिकारी डॉ. ओपी शर्मा ने बताया कि महाविद्यालय खेल मैदान पर आयोजित शिविर के प्रातःकालीन सत्र में एनसीसी कैडेट्स को ध्यान, योग व प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया। 14 राजस्थान बटालियन एनसीसी कोटा के पीआई इन्स्ट्रक्टर सूबेदार आर. निवास पाटिल ने कैडेट्स को ड्रिल, मार्च पास्ट, वेपन ट्रेनिंग, मैप रीडिंग व फील्ड क्राफ्ट का अभ्यास करवाया गया। शिविर के द्वितीय सत्र में कैडेट्स को सैन्य प्रबंधन की जानकारी दी गई। कैडेट्स को व्यक्तित्व विकास एवं दक्षता कौशल के लिए विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया।

डॉ. शर्मा ने बताया कि एनसीसी में कॅरियर निर्माण पर भारतीय सेना के द्वारा एनसीसी 'सी' व 'बी' उत्तीर्ण कैडेट्स को प्रमुखता से सेना अर्द्धसैनिक बलों व प्रसिद्ध बलों के साथ निजी क्षेत्रों में भी भर्ती किया जा रहा है। एनसीसी कैडेट्स द्वारा सामाजिक सरोकार के पत्र भी भरवाए गए। शिविर में एनसीसी अंडर ऑफिसर उपेंद्र प्रजापत, दीनदयाल गुर्जर, चैतन्य सिंहल ने भी विचार व्यक्त किए।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| POSTER & SLOGAN WRITING COMPETITION ON VOTER AWARENESS<br>Poster and slogan writing competitions were organized in the College on the topic "Rajasthan Assembly Election 2018 Voter Awareness".Students enthusiastically participated in this and attractive posters and slogans were made. In the slogan writing competition, Komal Gupta (BA first year) stood first, Aastha Jain (BSc first year) stood second and Manisha Sharma (BSc first year) stood third. The principal urged the girl students to make their family members aware and motivated to vote in the assembly. | WOMEN CELL | | 2018-19 |  |

पोस्टर व नारा लेखन प्रतियोगिता

# पीजी कॉलेज में मतदाता जागरूकता विषय पर पोस्टर व नारा लेखन प्रतियोगिता आयोजित


नसं | सवाई माधोपुर

शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सवाई माधोपुर में मंगलवार को महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में ''राजस्थान विधानसभा चुनाव 2018 - मतदाता जागरूकता'' विषय पर पोस्टर एवं नारा लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

इसमें छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया एवं आकर्षक पोस्टर व स्लोगन बनाए गए। निर्णायक मण्डल में शामिल डॉ. गुंजिका दुबे, डॉ. ज्योति अरूण एवं डॉ. कमल बाई मीना ने इनका निरीक्षण किया। प्राचार्य डॉ. ओ.पी. शर्मा, महिला प्रकोष्ठ सदस्य डॉ. ऊषा पिल्लई, डॉ. ज्योत्सना शर्मा, प्रियंका एवं स्टाफ सदस्यों ने भी इनका अवलोकन कर सराहना की। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि प्रत्येक मत महत्वपूर्ण है तथा मतदाताओं को अनिवार्य रूप से विचार पूर्वक अपने मत का उपयोग करना चाहिए।

पोस्टर प्रतियोगिता में मानसी गुर्जर (बीए प्रथम वर्ष) प्रथम, कविता महावर (बीएससी तृतीय वर्ष) द्वितीय तथा दीक्षा (बीएससी प्रथम वर्ष) तृतीय स्थान पर रही। नारा लेखन प्रतियोगिता में कोमल गुप्ता (बीए प्रथम वर्ष) प्रथम, आस्था जैन (बीएससी प्रथम वर्ष) द्वितीय तथा मनीषा शर्मा (बीएससी प्रथम वर्ष) तृतीय स्थान पर रही। प्राचार्य ने छात्राओं को अपने परिवार के सदस्यों को विधानसभा मतदान के लिए जागरूक और प्रेरित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

सवाई माधोपुर। पीजी कॉलेज में मतदाता जागरूकता विषय पर आयोजित नारा लेखन प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं तथा मौजूद स्टाफ की सदस्य।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| QUIZ ON HEALTH & NUTRITION<br>An informative quiz on health and nutrition was organized for girl students; four teams were formed. Women's cell in-charge Dr.Panchali Sharma members- Dr.UshaPillai, Dr.GujikaDubey, Dr. Kamal BaiMeena, UrmilaMeena, Dr.Jyotsna Sharma, and Dr.PrashantRao were present on this occasion. Students participated enthusiastically in this competition and gained knowledge related to health and nutrition. | WOMEN CELL | | 2018-19 | <br>कार्यालय प्राचार्य शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय महाविद्यालय<br>सवाई माधोपुर<br>दिनांक :01.10.2019<br>महिला प्रकोष्ठ के अन्तर्गत आयोजित प्रश्नोत्तरी (स्वास्थ्य एवं पोषण)<br>शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय पी जी महाविद्यालय में आज दिनांक 01.10.2019 को महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में छात्राओं के लिए 'स्वास्थ्य एवं पोषण' विषय पर एक ज्ञानवर्धक प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया इसके लिए चार टीमें गठित की गई इस अवसर पर विजेता टीम ए प्रथम रही। टीम बी द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर टीम सी रही। विजेता टीम ए हनीफा खान एवं ग्रुप, द्वितीय स्थान पर नेहा मंगल एवं ग्रुप तृतीय स्थान पर छवि एवं ग्रुप रहे।<br>इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. पांचाली शर्मा सदस्य– डॉ. उषा पिल्लई डॉ. गुंजिका दुबे, डॉ. कमल बाई मीना, उर्मिला मीना, डॉ. ज्योत्सना शर्मा और डॉ. प्रशान्त राव उपस्थित रहें। इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़–चढ़कर भाग लिया एवं स्वास्थ्य और पोषण सम्बन्धित ज्ञान प्राप्त किया।<br>प्रभारी महिला प्रकोष्ठ<br>डॉ. पांचाली शर्मा<br>पीजी कॉलेज में स्वास्थ्य एवं पोषण विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता<br>2 oct 2019 |
| LECTURE ON WOMEN FREEDOM FIGHTERS& THEIR ROLE IN NON VIOLENCE FREEDOM MOVEMENT<br>Prizes were distributed to the winners of the quiz competition in the program organized on the theme of women's role in Gandhiji's non-violent movement. On this occasion, the Principal also distributed certificates to the winning team members of the quiz competition. | WOMEN CELL | | 2018-19 | <br>गांधीजी के अहिंसक आंदोलन में महिलाओं के विषय पर कार्यक्रम<br>सवाई माधोपुर। गांधीजी के अहिंसक आंदोलन में महिलाओं के विषय पर आयोजित कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कारों का वितरण।<br>नस । सवाई माधोपुर<br>शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सवाई माधोपुर में गांधी उत्सव पखवाड़ा के अंतर्गत महिला प्रकोष्ठ में गुरुवार को गांधीजी के अहिंसक आंदोलन में महिलाओं की भूमिका विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।<br>कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. सोमेश कुमार सिंह ने स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने वाली ज्ञात-अज्ञात महिलाओं के अहिंसा आन्दोलन में सहयोग के बारे में जानकारी दी।<br>साथ ही महिला प्रकोष्ठ की सदस्य डॉ. ज्योत्सना शर्मा, प्राचार्य डॉ. ओ.पी. शर्मा, महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. पांचाली शर्मा, डॉ. कमल बाई मीना, डॉ. ऊषा पिल्लई, डॉ. समीर शर्मा, डॉ. ओ.पी. शर्मा गणित ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर प्राचार्य ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता की विजेता टीम के सदस्यों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| TALK ON CYBERCRIME<br>A lecture on "Cybercrime and their prevention" was organized under the Women's Cell. In this, a Cyber Branch specialist of Police Headquarters Mr.MahendraKhatik gave important information on the subject of social media and the possible dangers associated with it. While alerting the girl students about the cyber crimes happening in SawaiMadhopur, he also advised them about the safe use of mobile phones. He also explained the safe use and privacy precautions of ATM cards, Facebook, and other social network apps and being cautious against online banking and fake messages on the phone. | WOMEN CELL | | 2018-19 | (newspaper clipping 1 below) |
| CAMP & LECTURE ON ANEMIA FREE RAJASTHAN<br>A lecture by Dr. Ashok Meena, Gynecologist, General Hospital SawaiMadhopur was organized under the program of Anemia Free Rajasthan. He explained the different types of anemia and their causes. He explained the usefulness of hemoglobin in the blood. Anemia causes Iron deficiency. Some worms are also caused due to infection and excessive bleeding etc. He told | WOMEN CELL | | 2018-19 | |



सोशल मीडिया और उनमें संभावित खतरों से बचाव की दी जानकारी

नसं | सवाई माधोपुर

शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सवाई माधोपुर में महिला प्रकोष्ठ के अंतर्गत ''साइबर अपराध व उनकी रोकथाम'' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्रभारी महिला प्रकोष्ठ डॉ. पांचाली शर्मा ने बताया कि इसमें पुलिस मुख्यालय के साइबर शाखा विशेषज्ञ महेंद्र खटीक ने इस विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। साथ ही महाविद्यालय के सहायक प्रोफेसर प्रशांत राव द्वारा सोशल मीडिया एवं उनमें संभावित खतरों से बचाव की जानकारी दी गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओ.पी. शर्मा द्वारा छात्राओं सोशल मीडिया के सदुपयोग के संदर्भ में जानकारी दी गई। महेन्द्र खटीक द्वारा सवाई माधोपुर में हो रहे साइबर अपराधों के बारे में छात्राओं को सचेत करते हुए मोबाइल फोन के सुरक्षित उपयोग के बारे में सलाह दी गई। उन्होंने एटीएम कार्ड, फेसबुक तथा अन्य सोशल नेटवर्क एप्स के सुरक्षित उपयोग व प्राइवेसी सावधानियों के बारे में भी बताया तथा ऑनलाइन बैंकिंग व फोन पर फर्जी मैसेज के बारे में सावधानियां बताई। प्राचार्य ने सोशल मीडिया के सकारात्मक उपयोग के बारे में छात्राओं को जानकारी दी। अन्त में महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. पांचाली शर्मा ने उपस्थित अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

सवाई माधोपुर। पीजी कॉलेज में आयोजित साइबर अपराध व उनकी रोकथाम विषय पर आयोजित व्याख्यान में मौजूद छात्राएं।



गंगापुर सिटी, शनिवार 9 फरवरी, 2019 | 18

विद्यार्थियों को एनीमिया के प्रकारों व उनके कारणों की दी जानकारी

एनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम के तहत पीजी कॉलेज में व्याख्यान आयोजित

नसं | सवाई माधोपुर

शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सवाई माधोपुर में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में एनीमिया मुक्त राजस्थान के कार्यक्रम के अन्तर्गत डॉ. अशोक मीना स्त्री रोग विशेषज्ञ सामान्य चिकित्सालय सवाई माधोपुर का व्याख्यान आयोजित किया गया। उन्होंने एनीमिया के विभिन्न प्रकारों व उनके कारणों के बारे में बताया। उन्होंने रक्त में हिमोग्लोबिन की उपयोगिता के बारे में समझाया।

उन्होंने कहा कि एनीमिया आयरन की कमी, कुछ कृमी संक्रमण व अत्यधिक रक्त स्त्राव इत्यादि के कारण भी होता है। प्रति छह माह में कृमी नाशक औषधि का सेवन करना चाहिए। लगभग 80 प्रतिशत छात्राएं एनीमिया की शिकार होती है, जिनके कारण अत्यधिक थकावट, एकाग्रता की कमी, सांस फूलने जैसी समस्याएं हो सकती है। एनीमिया को दूर करने के लिए उपयुक्त आयरन, फोलिक एसिड, विटामिन बी 12, विटामिन सी इत्यादि युक्त संतुलित आहार तथा स्वास्थ्य केन्द्र से सम्पर्क कर उपयुक्त सलाह, दवा तथा विटामिन का सेवन करना चाहिए। डॉ. अशोक मीना ने छात्राओं की विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं का निदान किया।

इस कार्यक्रम में छात्राओं का रक्त परीक्षण कर हिमोग्लोबिन की मात्रा ज्ञात की गई तथा उन्हें आयरन व फोलिक एसिड युक्त गोलियां वितरित की गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. ओ.पी. शर्मा ने डॉ. अशोक मीना को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देने, रक्त जांच व दवा वितरण के लिए धन्यवाद दिया व कहा कि छात्राओं का उत्तम स्वास्थ्य उनके दैनिक क्रिया कलापों व भविष्य के लिए आवश्यक है। उन्हें उपयुक्त संतुलित आहार लेना चाहिए तथा परिवारजन को भी प्रेरित करना चाहिए। इस मौके पर महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. पांचाली शर्मा, सदस्य डॉ. ज्योत्सना शर्मा, डॉ. ऊषा [illegible] व डॉ. कमला बाई मीना ने कार्यक्रम में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर कई विद्यार्थी मौजूद थे।

सवाई माधोपुर। एनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम के तहत पीजी कॉलेज में आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते वक्ता।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| that deworming medicine should be taken every six months. To overcome anemia, a balanced diet containing suitable iron, folic acid, and vitamin B12. Vitamin C, etc. Dr. Ashok Meena diagnosed various health problems in the girl students. In this program, the amount of hemoglobin was detected by blood tests of girl students, and tablets containing iron and folic acid were distributed to them. | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| VOTER AWARENESS CAMP | NCC UNIT, S.C.R.S GOVT. COLLEGE SWM | | 2019-20 |  |

## एनसीसी कैडेट्स ने मतदाता जागरूकता के लिए चलाया अभियान

सवाई माधोपुर। शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सवाई माधोपुर में राष्ट्रीय छात्र सैन्य वाहिनी के तत्वावधान में मंगलवार को मतदाता जागरूकता के लिए अभियान चलाया गया। एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉ. ओ.पी. शर्मा ने बताया कि 17वीं लोकसभा के आम चुनाव के लिए नव मतदाताओं व अन्य मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान जागरूकता के लिए अभियान चलाया जा रहा है। स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः कालीन सत्र में कैडेट्स ने प्रभात फेरी के माध्यम से हम्मीर सर्किल, रणथम्भौर रोड़ व आलनपुर रोड़ पर नागरिकों को आगामी मतदान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर दोपहर में एनसीसी कैडेट्स द्वारा रेलवे स्टेशन पर जिला प्रशासन द्वारा शुभंकर शेरू के साथ सेल्फी पांइट पर मतदाता संकल्प पत्र व हस्ताक्षर अभियान चलाया एवं सेल्फी ली गई। इसमें प्लेटफार्म नं. एक पर कैडेट्स ने यात्रियों को आगामी चुनाव में स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान का संकल्प दिलाया। डॉ. शर्मा ने बताया कि एनसीसी इकाई के सीनियर कैडेट्स को विभिन्न गांवों में स्वयंसेवक के रूप में नियुक्त किया गया है, जिससे वहां पर कैडेट्स ग्रामीणों के मध्य मतदान जागरूकता का कार्य करेंगे। इस अवसर पर एनसीसी इकाई के अंडर ऑफिसर उपेन्द्र प्रजापत, विवेक बेनीवाल, आकाश डागुर, हरिओम स्वामी, गणेश प्रजापत, वीरेन्द्र सिंह ने मतदाता जागरूकता अभियान पर विचार व्यक्त किए।

### चलाया हस्ताक्षर अभियान

चौथ का बरवाड़ा। निर्वाचन विभाग द्वारा लोकसभा चुनावों में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए रोजाना कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत चौथ का बरवाड़ा पंचायत मुख्यालय पर मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया। इस दौरान यहां आने वाले लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया गया तथा उन्हें मतदान करने लिए संकल्प दिलाया गया। ग्राम विकास अधिकारी विजेंद्र सिंह ने बताया कि निर्वाचन विभाग के निर्देशों के तहत यहां आने वाले हर व्यक्ति से मतदाता जागरूकता के लिए हस्ताक्षर करवाए गए। इसी तरह आसपास की पंचायतों में भी मतदाता जागरूकता को लेकर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

अधिक से अधिक मतदान कर अपने जिले का वोट प्रतिशत को बढ़ाने की भी अपील की। साथ ही ग्रामीणजन को ईवीएम से मतदान करने की प्रक्रिया एवं वीवीपैट के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अन्त में उपस्थित ग्रामीणजन को निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना लोकसभा निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर कई ग्रामीण मौजूद थे।